छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग

नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर (छ०ग०)
दूरभाष (का.) 0771–2439564, फैक्सः 0771–2331525, 2446556 वेबसाईटः www.psc.cg.gov.in

क्रमांक 1952 / 04 / परीक्षा / 2024 रायपुर, दिनांक 1 JUL 2024

व्यवहार न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) मुख्य परीक्षा–2023 हेतु महत्वपूर्ण सूचना

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापन क्रमांक 08 / 2023 / परीक्षा / दिनांक 01 / 06 / 2023 द्वारा व्यवहार न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) परीक्षा–2023 हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। उक्त विज्ञापन के अंतर्गत दिनांक 03 / 09 / 2023 को व्यवहार न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) प्रारंभिक परीक्षा–2023 हेतु परीक्षा का आयोजन बिलासपुर, दुर्ग एवं रायपुर जिला मुख्यालयों में किया गया था।

व्यवहार न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) मुख्य परीक्षा–2023 के आयोजन की सूचना क्रमांक / 1697 / 04 / परीक्षा / 2024 रायपुर दिनांक 12.06.2024 के तहत ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि दिनांक 13.06.2024 (दोपहर 12:00 बजे) से दिनांक 28.06.2024 (रात्रि 11:59 बजे) तक निर्धारित थी। आयोग कार्यालय में विभिन्न अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाने / पोर्टल खोलने हेतु निवेदन किया गया है। अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनों पर विचारोपरांत अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए व्यवहार न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) मुख्य परीक्षा–2023 हेतु ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल खोले जाने का निर्णय लिया गया है।

जो आवेदक व्यवहार न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) मुख्य परीक्षा–2023 का ऑनलाइन आवेदन नहीं कर पाए हैं, वे **दिनांक 02.07.2024 (दोपहर 12:00 बजे) से दिनांक 03.07.2024 (रात्रि 11:59 बजे) तक** आयोग के वेबसाइट www.psc.cg.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक
छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग,
नवा रायपुर, अटल नगर (छ०ग०)